>

Title: Need to interlink Bagmati and Gandak rivers in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिला में नेपाल से निकलने वाली बागमती नदी के जल प्रवाह से इनरवा से बेलवा तक तीन किलोमीटर क्षेत्र में प्रत्येक साल जून से सितम्बर तक तबाही रहती है जिससे लगभग ढ़ाई लाख क्यूसेक पानी के बहाव के कारण हजारों हैक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद होती है तथा शिवहर जिला के मुख्यालय के आसपास पर खतरा बना रहता है। किसान एवं आम जन प्राकृतिक प्रताड़ना से पीड़ित रहते हैं। बागमती नदी प्रत्येक वर्ष बाढ़ के साथ-साथ जल के प्रवाह के साथ बड़े पैमाने पर उक्त क्षेत्र में सिल्ट लेकर आती है जिससे तटबंध की क्षमता घटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। यदि रिवर लिंकिंग के तहत बागमती नदी के पुरानी धार को पुर्नजीवित कर गंडक नदी से जोड़ देने पर लगभग एक लाख क्यूसेक पानी रिवर लिंकिंग के जरिए बूढ़ी गंडक नदी में जाने से हजारों हैक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी तथा बागमती तटबंध पर दबाव कम होने से बाढ़ की तबाही से बचा जा सकेगा।

सरकार से अनुरोध है कि शिवहर जिला के बागमती नदी के इनरवा से बेलवा तक जल प्रवाह के निस्सरण हेतु रिवर लिंकिंग के तहत कारगर एवं स्थायी कदम उठाया जाये जिससे उक्त इलाके के किसानों को कृषि योग्य भूमि में सिंचाई की सुविधा मिल सके तथा बाढ़ की तबाही से आम जनों को बचाया जा सके।